आकाशवाणी केन्द्र शिमला
28.09.2025/प्रादेशिक समाचार/1500 बजे

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को स्मरण रखते हुए आगामी त्यौहारों के मौसम को स्वदेशी उत्पादों के साथ मनाने की अपील की है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की 126वीं कड़ी में उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में कई त्यौहार हैं और जीएसटी बचत उत्सव भी चल रहा है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को खरीदने से परिवार में तो खुशी आयेगी ही, कारीगरों के परिश्रम का भी सम्मान होगा और युवा उद्यमियों के सपनों को पंख भी लगेंगे।
प्रधानमंत्री ने कहा कि त्यौहार के मौसम के दौरान केवल घर ही नहीं, बल्कि सड़कों, पड़ोस, बाजार और गांव की स्वच्छता पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। आगामी 2 अक्तूबर को गांधी जयंती के संबंध में प्रधानमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी ने हमेशा स्वदेशी को अपनाने पर बल दिया, जिसमें खादी सबसे प्रमुख थी। उन्होंने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों के दौरान देश में खादी के प्रति आकर्षण बहुत बढ़ा है और इसकी बिक्री में भी तेज़ी आई है। प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से दो अक्तूबर को कोई न कोई खादी उत्पाद खरीदने और उसे वोकल फॉर लोकल हैशटैग के साथ सोशल मीडिया पर साझा करने की अपील की।

## जीएसटी सुधार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी.एस.टी. बचत उत्सव की घोषणा की थी। 22 सितम्बर से शुरू हुआ यह उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। जी.एस.टी. सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन सुधारों से वस्तुओं और सेवाओं पर कर कम हुआ है और लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

## बाली

प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने कहा है कि पर्यटन के क्षेत्र में स्वरोज़गार की अपार संभावनाएं हैं। ये बात आज उन्होंने धर्मशाला में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। आर.एस. बाली ने कहा कि पर्यटन विभाग हिमाचल की कला और संस्कृति से पर्यटकों को रू–ब–रू करवाएगा ताकि प्रदेश में टूरिज़्म को और अधिक बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में 7 दशमलव सात आठ प्रतिशत का योगदान देता है।

## नवरात्र

शारदीय नवरात्र के छठें दिन आज माँ दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। माता ने अपने इस स्वरूप से पिता के कुल की रक्षा का संदेश दिया है। प्रदेश में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठों सहित अन्य धार्मिक स्थलों में श्रद्धालु सुबह से ही पूजा–अर्चना कर रहे है। नवरात्र के उपलक्ष्य में सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में भजन–कीर्तन से माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

## रेबीज़ दिवस

आज विश्व रेबीज़ दिवस है। रेबीज एक जानलेवा रोग है। जिसका बचाव पूर्णतः संभव है। यह कुते, बिल्ली, बंदर व नेवले इत्यादी जानवारों के काटने व खंरोचने से हो सकता है। पशुपालन विभाग द्वारा इस अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।